अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस जागरूकता अभियान

शिक्षा विभाग

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग के छात्रों को सांकेतिक भाषा के बारे में जागरूक करते हुए |

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA
केन्द्रीय विश्वविद्यालय
A CENTRAL UNIVERSITY
अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस उत्सव
(21-25 सितम्बर 2022)
आयोजक
शिक्षा विभाग
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

University Cafeteria
(21-25 सितम्बर 2022)
आयोजक
शिक्षा विभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

आनन्द निकेतन स्कूल में विशेष बच्चों के साथ सांकेतिक भाषा में वार्तलाप करते हुए |

अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस जागरूकता अभियान

शिक्षा विभाग

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह उत्सव का कार्यक्रम चला जिसके प्रथम दिवस पर (22/09/2022 विश्वविद्यालय के पूराने कैफेटेरिया, नए कैफेटेरिया एवं विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का स्टैंडी एवं बैनर लगा कर लोगो को सांकेतिक भाषा के बारे में बताया गया एवं सांकेतिक भाषा को करके भी सिखाया गया | इस उत्सव के दौरान सांकेतिक भाषा में अक्षरों की जानकारी, अंको का ज्ञान, तथा दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले कुछ शब्द जैसे गुड मोर्निंग, गुड आफ्टरनून, गुड इवनिंग , गुड नाईट ,स्वारी, नमस्ते,जल ,कलम,बधाई ,घर ,आनंद ,पैसा ,व्यस्त ,उदास, विजय,वेलकम,चाय , काफी आदि व्यवहारिक शब्दों को सीखाया गया साथ ही साथ विश्वविद्यालय प्रांगण में पम्पलेट भी वितरित किये गये |

दिवस के दूसरे प्रहर में वेयरहाउस रोड स्थित आनंद निकेतन बधिर विद्यालय में अंतर्राट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस उत्सव मनाया गया इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता को सांकेतिक भाषा में आयोजित किया गया | कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचा र्या सुश्री शोभा शुक्ला , गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सुनील कुमार सेन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये हुए बधिर छात्रों को सम्मानित किया गया तथा विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया गया |

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस (23/09/2022)पर आँनलाइन एवं आफ लाइन माध्यम से सांकेतिक भाषा उत्सव को प्रायोगिक तौर पर शारीरिक मुद्रा, हावभाव, आई

कान्टेक्ट, लीप रीडिंग आदि का प्रयोग करते हुए हुए विकलांग एवं पुनर्वास केंद्र नयी दिल्ली से श्री मती संध्या पाण्डेय सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ एवं आफ लाइन माध्यम में हेमंत डेक्सेना (स्वयं श्रवण बाधित) द्वारा दिनों के नाम , महीनों के नाम, रंगों के नाम रक्त सबंधियो जैसे पापा, माँ, भाई, बहन, एवं साकेतिक भाषा में अंको एवं अक्षरों को सीखाया गया और प्रतिभागी रुचिपूर्ण एवं आनंद लेते हुए सांकेतिक भाषा सीखे | आफ लाइन माध्यम में क्विज प्रतियोगिता,रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी इन सभी में लगभग 75 प्रतिभागी सम्मिलित हुए |

इस उत्सव में मुख्य रूप से बधिर दिव्यांगजन से सम्बन्धित विषयों पर जागरूकता, उनसे जुड़ी समस्या तथा उ नसे कैसे सम्प्रेषण किया जाय के बारे में चर्चा की गयी साथ ही सांकेतिक भाषा क्यों सीखना चाहिए को समझाते हुए बताया गया की सांकेतिक भाषा लोगो को जोड़ती है , इसके माध्यम से आप नए बधिर मित्र भी बना सकते है, सुनने वाले माता पिता अपने बधिर बच्चों के साथ बात चीत कर सकते हैं, आप दूर से भी सवाद कर सकते हैं ,इसका उपयोग पानी के भीतर भी कर सकते हैं, आप बिना आवाज किये कमरे में भी सवांद कर सकते हैं ,आप भोजन करते समय भी सांकेतिक भाषा का भी उपयोग कर सकते हैं |

अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा उत्सव के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सेन के द्वारा सांकेतिक भाषा की आवश्यकता पर जोर देने की बात कही गयी| इसके कार्यक्रम समन्वयक श्री कृष्ण कुमार पाठक के द्वारा सांकेतिक भाषा के लाभ एवं कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की गयी | इस शिक्षा विभाग के समस्त शिक्षक अंतर्राट्रीय सांकेतिक भाषा उत्सव को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया एवं इस अवसर पर उपस्थित रहे |

DETAILS OF EVENT PROCEEDINGS

DATE (DD-MM-YYYY)	DETAILS OF THE SESSION	DETAILS OF RESOURCE PERSON	NUMBER OF PARTICIPANTS
19/09/2022	Guru Ghasidas University	Hemant Dexana	75
20/09/2022	Anand Niketan Deaf school	Sandhya pandey	
21/09/2022	C.G Higher Secondary School	Mr.Shiv Kumar,Mr Krishna Kumar Pathak,Ms.Meena kumari	



Signature Programme Coordinator